# 9 बैठक व्यवस्था (SITTING ARRANGEMENT)

इस अध्याय में हम बैठक व्यवस्था से संबंधित प्रश्नों का अध्ययन करेंगे। हम सीधी रेखा, समानांतर रेखा या वृत्ताकार घेरे में बैठ सकते है।

**निर्देश (1 - 5): निम्न जानकारी को ध्यान से पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

A, B, C, D, E, F, G और H केन्द्र की ओर मुँह करके एक वृत्त के गिर्द बैठे हुए है। E और G हमेशा एक दूसरे के निकट बैठते हैं। D, C के दाएं को तीसरे स्थान पर बैठता है। F, H के बाएं को दूसरे स्थान पर बैठता है। C कभी भी A के अगले स्थान पर नहीं बैठता है जबकि D कभी भी G के अगले स्थान पर नहीं बैठता है। H, D और C का पड़ोसी नहीं है।

1. A और D के बीच कौन बैठता है?
(1) B (2) F (3) C (4) E (5) इनमें में कोई नहीं
2. B के बाएं को दूसरे स्थान पर कौन बैठता है?
(1) F (2) G (3) A (4) E (5) इनमें में कोई नहीं
3. F के तुरत दाएं को कौन बैठता है?
(1) D (2) C (3) B (4) A (5) इनमें में कोई नहीं
4. B और F के बीच कौन सा जोड़ा बैठता है?
(1) HB (2) FD (3) BG (4) GC (5) AH
5. बैठने की व्यवस्था में अपने-अपने स्थान के आधार पर निम्नलिखित पांच में से चार किसी प्रकार समान है इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन सा है जो इस समूह में नहीं है?
(1) CH (2) BA (3) FE (4) DG (5) AC


हल: (i) EG या GE





(ii) C_ _D (C तथा D के बीच में दो स्थान खाली है।).





(iii) F _ H (F तथा H के बीच में एक स्थान खाली है).





(iv) C A (दोनों एक साथ नहीं हो सकते)





अब H के बाएं दूसरे स्थान पर F बैठेगा।




G तथा E सदा एक साथ रहेंगे, यह केवल C तथा D के बीच संभव है।




A, C के पास नहीं हो सकता है। अत: यह F तथा H के बीच होगा।





(v) G D ( दोनों एक साथ नहीं हो सकते)

(vi) HD or DH (दोनों एक साथ नहीं हो सकते)

HC or CH (दोनों एक साथ नहीं हो सकते)

बचा हुआ व्यक्ति B, C के पास होगा।




**1. (2), 2. (3), 3. (4), 4. (5), 5. (5)**

**निर्देश (6 - 8): इन प्रश्नों का उत्तर देने के लिए इस जानकारी को ध्यान से पढ़िए:**

(i) A, B, C, D और E केन्द्र की ओर मुँह करके एक वृत्त में बैठे हैं।

(ii) C, A और B का पड़ोसी है।


(iii) E, B के तुरंत बाएं को है।

6. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(1) E, D के तुरंत दाएं को है
(2) D, C के दाएं को दूसरा है
(3) A, E के दाएं को तीसरा है
(4) A, C और D के बीच है
(5) इनमें से कोई नहीं

7. D का स्थान कौन-सा है?
(1) E के तुरंत दाए को (2) B के दाएं को तीसरा
(3) A के तुरंत बाएं (4) C के बाएं को दूसरा
(5) इनमे से कोई नहीं

8. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(1) A, B के बाएं को दूसरा है (2) B, D के बाएं को दूसरा है
(3) D, A और E के बीच है (4) C, E के दाएं को तीसरा है
(5) इनमें से कोई नहीं


हल: (i) A C B या B C A





(ii) E B




(iii) (i) तथा (ii) को मिलाकर




(iv) D को उपयुक्त स्थान पर बैठाएं




**6. (5), 7. (2), 8. (3)**

**निर्देश (9 - 13): ये प्रश्न निम्नलिखित जानकारी पर आधारित हैं। इसे ध्यान से पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

आठ एक्जिक्यूटिव J, K, L, M, N, O, P और Q एक गोल मेज के गिर्द एक बैठक करने के लिए बैठे हैं। J, P के दाएं को दूसरा है, जो K के दाएं को तीसरा है। M, O के बाएं को दूसरा है जो P और J के बीच बैठा है। L, K या N का पड़ोसी नहीं है।

9. L के तुरंत बाएं को कौन है?
(1) Q (2) O (3) K (4) N (5) इनमें में कोई नहीं


10. K के तुरंत बाएं को कौन है?
(1) N (2) J (3) Q
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) इनमें में कोई नहीं

11. निम्नलिखित में से N का सही स्थान कौन सा है?
(1) K के दाएं को दूसरा (2) K के तुरंत बाएं
(3) M के तुरंत दाएं (4) K के तुरंत दाएं
(5) इनमें में कोई नहीं

12. P के दाएं को तीसरा कौन है?
(1) L (2) J (3) Q (4) N (5) इनमें में कोई नहीं

13. निम्नलिखित व्यक्तियों के किस समूह में पहला व्यक्ति दो अन्य व्यक्तियों के बीच बैठा हैं?
(1) PJO (2) OPJ (3) OPM
(4) MPO (5) इनमें में कोई नहीं

हल: (i) P - J





(ii) K - - P




(iii) M – O





(iv) P O J





(i) से स्पष्ट है कि P और J के बीच एक ही स्थान है। जो अब O का है)


(v) L K या K L




(vi) L N या N L




(vii)




**9. (5), 10. (3), 11. (4), 12. (1), 13. (2)**

Paramount Coaching Centre

**निर्देश (14 - 19):** निम्नलिखित जानकारी का अध्ययन पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

M, N, P, R, T, W, F और H केन्द्र की ओर मुँह किए एक वृत्त के गिर्द बैठे हैं। P, M के बाएं तीसरा और T के दांये दूसरा है। N, P के दाएं दूसरा है। R, W के दाएं दूसरा है जो M के दाएं दूसरा है। F, P का निकटतम पड़ोसी नही है।

14. P के तुरंत दांये कौन है?
(1) H (2) F (3) R
(4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें में कोई नहीं

15. H के तुरंत दांये कौन है?
(1) R (2) F (3) M
(4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें में कोई नहीं


16. R के तुरंत बाएं कौन है?
(1) P (2) H (3) W (4) T (5) डाटा अपर्याप्त है

17. H के दांये तीसरा कौन है?
(1) T (2) W (3) R (4) F (5) डाटा अपर्याप्त है


18. F के दांये दूसरा कौन है?
(1) M (2) R (3) T
(4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें में कोई नहीं

19. निम्नलिखित में से किसमें प्रथम व्यक्ति दूसरे और तीसरे व्यक्ति के बीच बैठा है?
(1) NHM (2) PHN (3) TRP
(4) TWF (5) इनमें में कोई नहीं


हल: (i) T - P - - M





(ii) T - P – N M




(iii) M – W – R




(iv) (ii) एवं (iii) को जोड़े।




F, P के नजदीक नहीं होगा अत: P के समीप H होगा और F, M और W के बीच होगा।

**14. (1), 15. (5), 16. (4), 17. (4), 18. (3), 19. (1)**

**निर्देश (20 - 25):** निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

A, B, C, D, E, F, G और H केन्द्र की ओर मुँह करके एक वृत्त के गिर्द बैठे हैं। A, H के दाएं को चौथे और F के बाएं को दूसरे स्थान पर बैठा है। C, F और B का पड़ोसी नहीं है। D, C के दाएं को तीसरा बैठता है। H कभी भी G के अगले स्थान पर नहीं बैठता है।

20. H और G के बीच निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा बैठता है?
(1) BH (2) EF (3) CE
(4) DB (5) इनमें में कोई नहीं

21. B के दाएं को दूसरे स्थान पर कौन बैठता है?
(1) A (2) C (3) D (4) E (5) इनमें में कोई नहीं


22. C के संबंध में B का स्थान कौन-सा है?
(I) दाएं को दूसरा (II) बाएं को छठा
(III) बाएं को तीसरा (IV) दाएं को पाँचवाँ
(1) केवल II (2) केवल II और III
(3) केवल I और IV (4) डाटा अपर्याप्त है
(5) III और IV दोनों

23. निम्नलिखित में से B और D के बीच कौन बैठता है?
(1) G (2) F (3) H (4) A (5) C


24. A के एकदम दाएं कौन है?
(1) C (2) D (3) G
(4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें में कोई नहीं

25. बैठने की व्यवस्था में उनके स्थान के आधार पर निम्नलिखित में से चार किसी प्रकार समान हैं इसलिए उनका समूह बनता है। वह एक कौन सा है जो उस समूह में नहीं आता है?
(1) AE (2) HF (3) BD
(4) GE (5) CH

हल: (i) H - - - A
A - F





(ii) C - - D





Paramount Coaching Centre


(iii) CF या FC या CB या BC (ये जोड़े संभव नहीं है)





(iv) G H (दोनों एक साथ नहीं हो सकते)




(v)




(vi) केवल दो स्थान खाली है। ये दोनों स्थान B या E से भरे जायेगें। B, C के पास नहीं होगा। अत: E, C के पास होगा।




**20. (3), 21. (4), 22. (5), 23. (2), 24. (2), 25. (1)**

**निर्देश (26 - 30): निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

M, D, P, K, R, T और W केन्द्र की ओर मुँह किए हुए वृत्त के गिर्द बैठे हैं। D, P के दाएं को दूसरा है जो K के दाएं को तीसरा है। T, W के दाएं को तीसरा है जो D का निकटस्थ पड़ोसी नहीं है। M, R के बाएं को तीसरा है।

26. T के दाये दूसरा कौन है?
(1) D (2) K (3) M
(4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं

27. निम्नलिखित में से किस जोड़े में, दूसरा व्यक्ति प्रथम व्यक्ति के तुरंत दाये बैठा है?
(1) DT (2) TP (3) PR
(4) KW (5) इनमें से कोई नहीं

28. R के तुरंत बांये कौन है?
(1) W (2) P (3) K (4) T (5) इनमें से कोई नहीं


29. M के तुरंत बांये कौन है?
(1) K (2) W (3) D (4) T (5) इनमें से कोई नहीं

30. D के बायें तीसरा कौन है?
(1) W (2) P (3) K
(4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं

हल: **Step I.**
(i) P - D
(ii) K - - P
(iii) W - - T
(iv) WD या DW (×)
(v) M - - R

**Step II.**
दूसरे कथन से शुरूआत करें।

**Step III.**




**26. (3), 27. (4), 28. (1), 29. (3), 30. (5)**

**निर्देश (31 - 35): नीचे दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

दस व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G, H, I और J, पांच-पांच व्यक्तियों की दो पंक्तियों में इए प्रकार बैठे हैं कि पहली पंक्ति में एक व्यक्ति पंक्ति के एक व्यक्ति के ठीक सामने उसकी ओर मुँह किए बैठा है। पहली पंक्ति के सदस्य उत्तरोन्मुख हैं। प्रथम पंक्ति में B, H के तुरंत दायें बैठा है जो D के ठीक सामने बैठा है। C दूसरी पंक्ति के अंतिम किनारे पर है और D के बायें दूसरा है। A, D के तुरंत दायें और F के ठीक सामने है। G, E के ठीक सामने बैठा है जो दूसरी पंक्ति के एक किनारे पर है J किनारे पर नहीं है।

31. B के बायें दूसरा कौन है?
(1) I (2) G (3) H (4) F (5) इनमें से कोई नहीं

32. निम्नलिखित में से व्यक्तियों का कौन-सा जोड़ा पहली पंक्ति के दो किनारों पर बैठा है?
(1) GJ (2) EI (3) GI
(4) EJ (5) इनमें से कोई नहीं

33. B के ठीक सामने कौन है?
(1) J (2) I (3) G (4) A (5) इनमें से कोई नहीं

34. E के बायें तीसरा कौन है?
(1) D (2) I (3) H (4) C (5) इनमें से कोई नहीं

35. A निम्नलिखित में से किन व्यक्तियों के बीच बैठा है?
(1) DJ (2) ED (3) FB
(4) BI (5) इनमें से कोई नहीं

Mount Coaching Centre

हल: **Step I.**

(i) पहली पंक्ति उत्तर दिशा की तरफ मुँह करके खड़ी है।

(ii) पहली पंक्ति HB तथा H ⇔ D

(iii) C दूसरी पंक्ति के सिरे पर बैठा है। तथा C - D

(iv) DA तथा A ⇔ F (विपरीत)


(v) G ⇔ E तथा E दूसरी पंक्ति के सिरे पर बैठा है।

(vi) J पंक्ति के अंत में नहीं बैठता।

**Step II**

किसी भी पंक्ति से शुरूआत करें।

**Step III.**




**31. (4), 32. (3), 33. (1), 34. (5), 35. (2)**

**निर्देश (36 - 40): ये प्रश्न निम्नलिखित जानकारी पर आधारित है। इसे ध्यान से पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

A, B, C, D, E, F, G, H, I और J दस सदस्य हैं जो X व Y टीमों में बंटे है। प्रत्येक टीम में 5 सदस्य हैं। दोनों टीमों के सदस्यों को आमने-सामने दो पंक्तियों में इस प्रकार बिठाया जाता है कि, X टीम का एक सदस्य Y टीम के एक सदस्य के ठीक सामने है। X टीम के सदस्यों का मुँह उत्तर दिशा की ओर है। D, A के दाएं को तीसरा है और G के एकदम सामने बैठा है। B, G के एकदम दाएं को बैठा है और उसका मुँह दक्षिण की ओर है। H, B के दाएं को तीसरा है और F के ठीक सामने है। C, A व E के बीच और I के सामने बैठा है।

36. C के बाएं को दूसरा कौन है?
(1) F (2) A (3) B (4) D (5) इनमें से कोई नहीं

37. निम्न में से व्यक्तियों का कौन-सा समूह एक ही पंक्ति में बैठा है?
(1) HIE (2) ACB (3) CDI
(4) HIG (5) इनमें से कोई नहीं

38. B के एकदम दांए को कौन है?
(1) C (2) E (3) I (4) A (5) इनमें से कोई नहीं

39. J के एकदम बाएं को कौन है?
(1) I (2) C (3) E (4) B (5) इनमें से कोई नहीं

40. J के एकदम सामने कौन बैठा है?
(1) H (2) A (3) F (4) C (5) इनमें से कोई नहीं

हल: **Step I.**

(i) A - - D तथा D G (विपरीत)

या

D - - A

(ii) BG दक्षिण की ओर देखता है।

(iii) H - - B तथा H F

(iv) A C E E तथा C I


या

E C A

**Step II.**

किसी कथन से शुरूआत करें।

**Step III.**




**36. (1), 37. (4), 38. (3), 39. (1), 40. (2)**

Paramount Coaching Centre
www.pdfadda.com

## अभ्यास

**निर्देश (1 - 5):** निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

A, B, C, D, E, F, G और H केंद्र की ओर मुँह करके एक वृत्त के गिर्द बैठे हैं। D, H के दाएं को चौथा और B के बाएं को दूसरा है। F, B के दाएं को चौथा है। C, E के दाएं को चौथा है जो B या D का निकटस्थ पड़ोसी नहीं है। A, D का निकटस्थ पड़ोसी नहीं है।

1. G के संबंध में B का स्थान कौन-सा है?
   (1) दाएं को तीसरा (2) बाएं को तीसरा
   (3) दाएं को पाँचवाँ (4) बाएं को चौथा
   (5) दाएं को चौथा
2. निम्न में से किस संयोजन में तीसरा व्यक्ति पहले और दूसरे व्यक्ति के बीच बैठा है?
   (1) ABC (2) GCD (3) AHE
   (4) CBA (5) EFG
3. A के दाएं को तीसरा कौन है?
   (1) H (2) E (3) F
   (4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं
4. D के एकदम बाएं को कौन है?
   (1) G (2) C (3) F
   (4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं
5. G के बाएं को चौथा कौन है?
   (1) E (2) F (3) A
   (4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (6 - 11):** निम्नलिखित जानकारी का ध्यान से अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

A, M, P, D, Q, R, W और B केंद्रोन्मुख होकर एक वृत के गिर्द बैठे है। D, A के बाएं चौथा है जो M के दाएं तीसरा है। P, Q के बाएं तीसरा है जो M के बाएं तीसरा है। R, W के दाएं तीसरा है जो B के दाएं दूसरा है।

6. D के बाएं दूसरा कौन है?
   (1) W (2) B (3) Q
   (4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं
7. P के बाएं तीसरा कौन है?
   (1) M (2) D (3) R
   (4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं
8. Q के तुरंत दाएं कौन है?
   (1) W (2) D (3) B
   (4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं
9. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा क्रमशः पहले और दूसरे को W के दाएं दर्शाता है?
   (1) DM (2) QB (3) MR
   (4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं
10. निम्नलिखित में से किस जोड़े में दूसरा व्यक्ति पहले व्यक्ति के तुरंत दाएं बैठा है?
    (1) MD (2) RM (3) AB
    (4) QB (5) इनमें से कोई नहीं
11. R के दाएं चौथा कौन है?
    (1) P (2) A (3) B
    (4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (12 - 16):** निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) K, L, M, N, O, P और Q केंद्र की ओर मुँह करके एक वृत्ताकार मेज के गिर्द बैठे हैं।
(ii) L, N और O के बीच बैठा है।
(iii) K, O के बाएं तीसरा है।
(iv) Q, M के बाएं दूसरा है, जो P के तुरंत बाएं है।

12. निम्नलिखित में से किस जोड़े में पहला व्यक्ति, दूसरे व्यक्ति के तुरंत बाएं बैठा है?
    (1) LO (2) MK (3) QN
    (4) LN (5) इनमें से कोई नहीं
13. Q के संदर्भ में L का सही स्थान कौन-सा है?
    (1) दाएं से दूसरा (2) बाएं से पहला
    (3) दाएं से पहला (4) दाएं से तीसरा
    (5) इनमें से कोई नहीं
14. निम्नलिखित में से किसमें बीच का व्यक्ति दूसरे दो लोगों के बीच बैठा है?
    (1) NQL (2) PMK (3) POK
    (4) MOP (5) इनमें से कोई नहीं
15. L के बाएं दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
    (1) P (2) M (3) K (4) Q (5) इनमें से कोई नहीं
16. M और Q के बीच कौन बैठा है?
    (1) O (2) N (3) K (4) L (5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (17 - 22):** निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

P, A, D, Q, T, M, R और B केन्द्रोन्मुख होकर एक वृत के गिर्द बैठे हैं। D, T के बाएं तीसरा है जो P के दाएं पाँचवाँ है। A, B के दाएं तीसरा है जो D के दाएं दूसरा है। Q, M के बाएं दूसरा है।

17. M के दाएं दूसरा कौन है?
    (1) B (2) R (3) T (4) Q (5) इनमें से कोई नहीं
18. D के तुरंत दाएं कौन है?
    (1) M (2) Q (3) B
    (4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं
19. P के दाएं तीसरा कौन है?
    (1) D (2) M (3) R
    (4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं
20. D के बाएं दूसरा कौन है?
    (1) A (2) Q (3) B (4) P (5) डाटा अपर्याप्त है
21. निम्नलिखित में से किस जोड़े में पहला व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के तुरंत दाएं बैठा है?
    (1) DM (2) BT (3) RA (4) PQ (5) PA

22. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा A के निकटतम पड़ोसी दर्शाता है?
(1) PT (2) PB (3) TQ
(4) PD (5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (23 - 28): निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

A, B, C, D, E, F, G और H केंद्र की ओर मुंह करके एक वृत्त के गिर्द बैठे हैं। H, B के बाएं को चौथा और F के दाएं को दूसरा है। A, C के बाएं को तीसरा है जो F का निकटस्थ पड़ोसी नहीं है। G, A के बाएं को दूसरा है। D, E के दाएं को दूसरा है।

23. F के एकदम दाएं को कौन है?
(1) H (2) A (3) G
(4) आंकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

24. A के बाएं को तीसरा कौन है?
(1) C (2) F (3) B
(4) आंकड़े अधूरे है (5) इनमें से कोई नहीं

25. निम्न में से किस जोड़े में पहला व्यक्ति, दूसरे व्यक्ति के तुरंत बाएं बैठा है?
(1) EH (2) CE (3) AF
(4) DB (5) इनमें से कोई नहीं

26. निम्न में से कौन-सा जोड़ा E के निकटस्थ पड़ोसी को निरूपित करता है?
(1) DH (2) HC (3) CA
(4) आँकड़े अधूरे है (5) इनमें से कोई नहीं

27. H के तुरंत दाएं कौन है?
(1) E (2) C (3) H
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

28. B के तुरंत दाएं कौन है?
(1) D (2) E (3) F
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (29 - 33): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

M, P, J, B, R, T और F केंद्र की ओर मुँह करके एक वृत के गिर्द बैठे है। B, J के बाएं तीसरा है जो M के बाएं दूसरा है। P, B के बाएं तीसरा है और R के दाएं दूसरा है। T, M का निकटतम पड़ोसी नहीं है।

29. M के दाएं चौथा कौन है?
(1) B (2) T (3) J
(4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं

30. T के बाएं दूसरा कौन है?
(1) F (2) M (3) P (4) J (5) डाटा अपर्याप्त है

31. निम्लिखित में से किस जोड़े में दूसरा व्यक्ति पहले व्यक्ति के तुरंत दाएं बैठा है?
(1) JR (2) PJ (3) TR
(4) MP (5) इनमें से कोई नहीं

32. R के संदर्भ में F का स्थान कौन-सा है?
(A) बाएं को तीसरा
(B) दाएं को चौथा
(C) दाएं को तीसरा
(1) केवल (A) (2) केवल (B) (3) केवल (C)
(4) (A) और (B) दोनों (5) इनमें से कोई नहीं

33. B के दाएं तीसरा कौन है?
(1) R (2) J (3) M
(4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (34 - 38): निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(i) P, Q, R, S, T, U और V केंद्र की मुँह करके एक वृत्त के गिर्द बैठे हैं।
(ii) P, V और S के बीच है।
(iii) R, जो S के दाएं दूसरा है, Q और U के बीच है।
(iv) Q, T का पड़ोसी नहीं है।

34. निम्लिखित में से सही कथन कौन-सा है?
(1) V, P और S के बीच है
(2) S, V के बाएं दूसरा है
(3) R, P के बाएं तीसरा है
(4) P, S के तुरंत बाएं है
(5) इनमें से कोई नहीं

35. T का स्थान कौन-सा है?
(1) R और V के बीच (2) V के तुरंत बाएं
(3) R के बाएं दूसरा (4) P के दाएं दूसरा
(5) इनमें से कोई नहीं

36. R और U के बीच कौन है?
(1) कोई नहीं (2) S (3) V
(4) Q (5) इनमें से कोई नहीं

37. निम्नलिखित में से गलत कथन कौन-सा है?
(1) R, U के तुरंत बाएं है।
(2) Q, R के तुरंत बाएं है।
(3) T, Q के दाएं तीसरा है।
(4) U, T के बाएं दूसरा है।
(5) इनमें से कोई नहीं

38. निम्नलिखित में से किस जोड़े का दूसरा सदस्य पहले सदस्य के तुरंत दाएं बैठा है?
(1) QS (2) PV (3) RU
(4) VT (5) इनमें से कोई नही

**निर्देश (39 - 43): निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

P, Q, R, S, T, V और W केंद्र की ओर मुँह करके एक वृत्त के गिर्द बैठे हैं। V, P के बाएं को दूसरा और W के दाएं को दूसरा है। T, Q के दाएं को तीसरा और V का निकटतम पड़ोसी नहीं है। S, R के दाए को तीसरा है।

39. Q के दाएं दूसरा कौन है?
(1) R (2) W (3) T (4) S (5) इनमें से कोई नहीं

40. S के तुरंत बाएं कौन है?
(1) V (2) T (3) Q (4) W (5) इनमें से कोई नहीं

41. R के तुरंत दाएं कौन है?
(1) W (2) T (3) P
(4) आंकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

42. निम्नलिखित में से किस समूह में पहला व्यक्ति दूसरे और तीसरे व्यक्ति के बीच बैठा है?
(1) RPQ (2) TWS (3) QPR
(4) QVS (5) इनमें से कोई नहीं

43. V के बाएं तीसरा कौन है?
(1) T (2) S (3) W (4) R (5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (44 - 48): निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

A, B, C, D, E, F, G और H आठ मित्र है जो केंद्र की ओर मुँह करके एक गोल मेज के गिर्द बैठे हुए हैं। A, D के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है जो E के बाएं तीसरा है। C, G के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है जो E का निकटस्थ पड़ोसी नहीं है। H, B के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है जो G के दाएं दूसरे स्थान पर है।

44. D और C के बीच कौन बैठा है?
(1) केवल B (2) केवल C और A
(3) केवल G (4) केवल E
(5) केवल G और E

45. E के दाएं दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(1) B (2) F (3) G
(4) C (5) इनमें से कोई नहीं

46. H के संबंधा में A का स्थान कौन-सा है?
(1) बाएं को तीसरा (2) दाएं को तीसरा
(3) बाएं को दूसरा (4) दाएं को दूसरा
(5) बाएं को चौथा

47. बैठने की व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार एक समान है इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है जो इस समूह में नहीं आता है?
(1) CH (2) FG (3) DA
(4) BE (5) GB

48. निम्न में से किस जोड़े में दूसरा व्यक्ति, पहले व्यक्ति के तुरंत बाएं बैठा है?
(1) DB (2) EH (3) FA
(4) GD (5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (49 - 53): निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

P, Q, R, S, T, U, V और W केंद्रोंमुख होकर एक वृत्त के गिर्द बैठे हैं। T, P के बाएं दूसरा और V के दाएं तीसरा है। S, W के दाएं दूसरा है जो T के तुरंत दाएं है। Q, U के दाएं तीसरा है।

49. निम्न में से किस जोड़े में तीसरा व्यक्ति पहले और दूसरे व्यक्ति के बीच बैठा है?
(1) USP (2) VRU (3) TQW
(4) WPS (5) इनमें से कोई नहीं

50. T के तुरंत बांये कौन हैं?
(1) Q (2) W (3) R
(4) डाटा अपर्याप्त हैं (5) इनमें से कोई नहीं

51. P के दाएं दूसरा कौन है?
(1) S (2) V (3) U
(4) Q (5) इनमें से कोई नहीं

52. W के संबंध में R का स्थान कौन-सा है?
(1) बाएं को तीसरा (2) बाएं को चौथा
(3) दाएं को छठा (4) बाएं को पाँचवाँ
(5) इनमें से कोई नहीं

53. R के बाएं चौथा कौन है?
(1) U (2) P (3) S (4) W (5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (54 - 55): निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

छः छात्र P, Q, R, S, T तथा U एक कतार में खड़े है। Q, U तथा S के ठीक मध्य में है। T, P तथा R के ठीक मध्य में है। P, S या U का पड़ोसी नहीं है। R, S का पड़ोसी नहीं है।

54. निम्न में से किस जोड़े के बीच U खड़ा है?
(1) Q तथा R (2) Q तथा S (3) Q तथा P
(4) Q तथा T (5) R तथा P

55. निम्न में से किसके बीच R खड़ा है?
(1) S तथा U (2) T तथा Q (3) T तथा U
(4) P तथा T (5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (56 - 60): निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

छः छात्र A, B, C, D, E तथा F दो कतारों में है। प्रत्येक कतार में तीन एक दूसरे के ठीक आमने सामने निम्न क्रम में खड़े हैं।
(i) F, C के दाईं ओर दूसरे स्थान पर है।
(ii) A कतार में सबसे अंतिम स्थान पर है।
(iii) E, B का पड़ोसी है।
(iv) C, B के ठीक सामने है।

56. निम्न में से कौन एक-दूसरे के सामने नहीं है?
(1) A, E (2) C, B (3) E, D
(4) F, A (5) इनमें से कोई नहीं

57. निम्न में से कौन-सा कथन सही है?
(1) A, C के बाईं ओर दूसरा है।
(2) E, B के बाईं ओर है।
(3) C तथा B एक-दूसरे के विकर्णीय विपरीत है
(4) D, A के दाईं ओर है।
(5) इनमें से कोई नहीं

58. निम्न में से कौन-सा व्यक्ति एक-दूसरे के ठीक आमने-सामने है?
(1) A, B (2) D, E (3) C, F
(4) A, D (5) इनमें से कोई नहीं

59. निम्न में से कौन लोग एक कतार में है?
(1) A, B और F (2) E, B और A
(3) A, C और E (4) B, F और D
(5) इनमें से कोई नहीं

60. अगर A तथा B अपने स्थान आपस में बदल ले तो B के ठीक बाईं ओर कौन होगा?
(1) D (2) E (3) F (4) C (5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (61 - 65): निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(i) A, B, C, D, E तथा T एक पंक्ति में दक्षिण की ओर मुँह करके खड़े हैं।
(ii) A, E के दायें तीसरा है।
(iii) C, पंक्ति में किसी एक छोर से चौथे स्थान पर है।
(iv) B, जो कि A तथा D के बीच में है, T के दायें तीसरा है।

61. वह कौन-सा जोड़ा है, जो पंक्ति के दोनों छोर पर है?
(1) D एवं C (2) A एवं E (3) T एवं D
(4) T एवं E (5) इनमें से कोई नहीं

62. E का स्थान क्रम क्या है?
(1) T के ठीक दायें (2) खड़े व्यक्तियों में दायें छोर पर
(3) D के बायें 5वां (4) C एवं T के बीच में
(5) इनमें से कोई नहीं

63. निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है?
(1) C के तुरंत बायें A है (2) T के तुरंत दायें E है
(3) T और E के बीच C है (4) B के दायें C दूसरा है
(5) इनमें से कोई नहीं


64. निम्नलिखित में से कौन-सा असत्य है?
(1) B के तुरंत बायें D है
(2) D दोनों में से एक छोर पर है
(3) E दोनों में से एक छोर पर है
(4) A और C पड़ोसी है
(5) C और T के बीच कोई नहीं है

65. निम्नलिखित में से कौन-सा ऐसे जोड़े दर्शाता है जिनमें प्रत्येक में दोनों व्यक्ति सन्निकट खड़े हैं?
(1) D, B और A, T (2) A, B और E, T
(3) A, C और E, D (4) E, C और T, C
(5) इनमें से कोई नहीं

---


**व्याख्यात्मक हल:**

**(1 - 5):** बैठक व्यवस्था





1. 1; B, G के दायें तीसरे स्थान पर है।
2. 2; D, G और C के मध्य बैठा हैं।
3. 3; F, A के दायें तीसरे स्थान पर है।
4. 1; G, D के ठीक बायें है।
5. 3; A, G के बायें चौथे स्थान पर है।

**(6 - 11) :**





6. 3, 7. 2, 8. 1, 9. 1, 10. 3, 11. 5 (उत्तर Q है।)

**(12 - 16):**





12. 4, 13. 5 (बायें से दूसरा), 14. 2, 15. 1, 16. 3

**(17 - 22):**





17. 3, 18. 1, 19. 2, 20. 4, 21. 5
22. 5; P और R; A के ठीक पड़ोसी है।

**(23 - 28):**




23. 2, 24. 3, 25. 4, 26. 2, 27. 1, 28. 5 (उत्तर G है।)


**(29 - 33):**




29. 5 (उत्तर R है।), 30. 1, 31. 3, 32. 4, 33. 2


Paramount Coaching Centre

**(34 - 38):**





34. 4, 35. 2, 36. 1, 37. 4, 38. 3

**(39 - 43):**




39. 1, 40. 4, 41. 2, 42. 5, 43. 1

**(44 - 48):**





44. 1, 45. 2, 46. 4

47. 3; सभी में, दूसरा व्यक्ति, पहले के दायें से दूसरे स्थान पर है।


48. 5

**(49 - 53):**





49. 5, 50. 1, 51. 3, 52. 1, 53. 2

**(54 - 55):**





54. 1, 55. 3


**(56 - 60):**




56. 1, 57. 2, 58. 2, 59. 2, 60. 5

**(61 - 65):**




61. 5 (D और E), 62. 3, 63. 5, 64. 1, 65. 2

Paramount Coaching Centre
www.pdfadda.com